GANGOTRI NATIONAL PARK
गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान

कार्यालय उप निदेशक गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी।

Div. Office at: Forest Colony (Kotbanglow) Dist. Uttarkashi, Phone & Fax 01374-222695
Email- ddgangotrinationalpark@gmail.com

पत्रांक : 1537/12–1 कोटबंगला, दिनांकः 2/6/ , 2020

सेवा में,

कार्यपालिका अभियंता
सीमा सड़क मंडल, के0 लो0 नि0 वि0
भाकुनी भवन, एस.एस.बी. मेनगेट के सामने, भक्त्याना
श्रीनगर, गढ़वाल (उत्तराखण्ड) पिन 246174
दूरभाष संख्या – 01346–250540, फैक्स– 250538 ईमेल– eebrdsrinagar@gmail.com

विषयः– **गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क क्षेत्रान्तर्गत वन भूमि हस्तान्तरण सुमला–थांगला–1 रोड़, मेण्डी–टीसांगचोक्ला रोड़ एवं त्रिपाणी–रंगमंच गाड़, रोड़ के प्रस्तावों के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– आपका पत्रांक– 54(3)/सी.स.म./श्रीनगर/2020–21/714 दिनांक 22.05.2020

महोदय,

आपके पत्रांक से अवगत कराया गया है कि आपका पत्रांक– 54(3)/सी.स.म./श्रीनगर/2018–19/324 दिनांक 09.09.2019 से प्रस्तावों की कमियां दूर कर दी गयी है, परन्तु प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय पुनः पाई गई कमियों को दूर करने हेतु आपके प्रतिनिधि को कार्यालय में ही अवगत कराया गया था। इस सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्रांक– 1037/12–1 दिनांक 04.02.2020 से तथा पत्रांक– 1473/12–1 दिनांक 08.05.2020 द्वारा पुनः अवगत कराया गया। उक्त प्रस्ताव गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क के अन्तर्गत होने के कारण उक्त प्रस्तावों को उच्च स्तर को प्रेषित करने से पूर्व अनुमोदन/अनुमति हेतु राज्य वन्यजीव बोर्ड एंव राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक में रखा जाना आवश्यक है। इस हेतु संक्षिप्त प्रस्ताव जिसकी प्रति आपके प्रतिनिधि को उपलब्ध करायी गई थी। परन्तु आज दिनांक 01.06.2020 तक भी उक्त संक्षिप्त प्रस्ताव राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत नही की गये हैं। राज्य वन्यजीव बोर्ड तथा राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की अनुमति के पश्चात ही अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त कमियों का भी निराकरण नहीं किया गया है।

कृपया उक्त तीनों मोटर मार्गों के संक्षिप्त प्रस्ताव 5–5 प्रतियों में तैयार कर राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने का कष्ट करें। प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी, तथा कमियों का निराकरण करना भी सुनिश्चित करें।

संलग्नक– **प्रस्ताव प्रपत्र–1**

भवदीय

(एन0 बी0 शर्मा)
उप निदेशक
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क
उत्तरकाशी।